प्रेस-नोट

थाना मऊरानीपुर

दिनाँक-11.08.2024

चोरी किए गए माल के साथ एक चोर को थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा दिनाँक 10.08.2024 की रात्रि में अभियुक्त हिम्मत परिहार पुत्र स्व0 लखन लाल निवासी चारमिनार मस्जिद के पीछे नई बस्ती कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी उम्र करीब 25 वर्ष को भकौरा की तरफ जाने वाली रोड़ पर तिराहे से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी का माल—एक जोड़ी पाजेब सफेद धातु की व नगद रू. 2,500/ बरामद हुआ। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 02.08.2024 को वादी मुकदमा आशमीन पत्नी मुहम्मद हकीम निवासी मोहल्ला नदी पार कटरा थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी के घर से जेवरात व नगदी रूपये चोरी हो गयी थी, जिसके संबन्ध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 401/2024 धारा 305 BNS पंजीकृत कर माल व मुल्जिम की तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी।

दिनाँक 10.08.2024 की रात्रि पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त हिम्मत परिहार पुत्र स्व0 लखन लाल निवासी चारमिनार मस्जिद के पीछे नई बस्ती कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी उम्र करीब 25 वर्ष को भकौरा की तरफ जाने वाली रोड़ पर तिराहे से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चोरी का माल एक जोड़ी पाजेब सफेद धातु की व नगद 2500/रू0 बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) BNS की बढोत्तरी की गई। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

हिम्मत परिहार पुत्र स्व0 लखन लाल निवासी चारमिनार मस्जिद के पीछे नई बस्ती कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी उम्र करीब 25 वर्ष

अभियुक्त की गिरफ्तारी का स्थान व दिनाँक-

भकौरा की तरफ जाने वाली रोड़ पर थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी, दिनांक 10.08.2024 समय 21.45 बजे

बरामदगी का विवरण-

एक जोड़ी पाजेब सफेद धातु व रु. 2,500/ नगद

गिरफ्तार / सहयोग करने वाली टीम थाना मऊरानीपुर –

1.उ0नि0 श्री गौरव कुमार थाना मऊरानीपुर झांसी

2.का0714 शैलेन्द्र चौधरी थाना मऊरानीपुर झांसी

3.का0547 आशीष कुमार थाना मऊरानीपुर झांसी